RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 345
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**अवकाश सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 26 जनवरी बृहस्पतिवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 28 जनवरी शनिवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,205 | ▼ | 773.69 |
| निफ्टी | 18,000 | ▼ | 226.35 |
| सोना | 56,820 | ▼ | 149 /10 gm |
| चांदी | 68,381 | ▼ | 161 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 23.00°C
न्यूनतम 10.00°C

## क्विक न्यूज

### आप ने प्रदेश में संगठन का ढांचा भंग किया



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पूरा संगठन का ढांचा भंग कर दिया है। जल्द नए संगठन की घोषणा की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक ने इसको लेकर लेटर जारी किया है। बताया जा रहा है कि 2024 में होने वाले चुनावों को लेकर पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह फैसला किया है। जल्द ही बूथ लेवल तक संगठन की घोषणा की जाएगी।

# बीबीसी डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग पर जामिया में बड़ा बवाल, जेएनयू में पथराव हुआ

## क्या एक डॉक्यूमेंट्री राष्ट्र की संप्रभुता को प्रभावित कर सकती है : थरूर

### ट्वीट करने के बाद सपोर्ट करने वाले एंटनी के बेटे ने कांग्रेस छोड़ी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जामिया** मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री 'द मोदी क्वेश्चन' डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का ऐलान करने वाले तीन छात्रों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन पर माहौल खराब करने के प्रयास का आरोप है। तीनों को यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को बैन करने का समर्थन करने वाले कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने बुधवार सुबह पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।
उन्होंने कहा, कांग्रेस ने मुझसे ट्वीट डिलीट करने को कहा था, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। क्या चाटुकारिता ही योग्यता का मापदंड बन गई है। उन्होंने मंगलवार दोपहर एक बजे ट्वीट कर कहा था कि भारतीय संस्थानों पर बीबीसी के विचारों को रखने का मतलब देश की संप्रभुता को कमजोर करना है। जबकि इसी मसले पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को बैन किए जाने पर सवाल उठाए और पूछा कि एक डॉक्यूमेंट्री हमारे राष्ट्र की संप्रभुता को कैसे प्रभावित कर सकती है?



### छात्रों पर मंगलवार देर रात पथराव किया गया

**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में बीबीसी की इस प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री को देख रहे छात्रों पर मंगलवार देर रात पथराव किया गया था। पथराव किसने किया, यह पता नहीं चल पाया है। अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर भाग गए। इससे पहले यहां छात्र संघ कार्यालय की बिजली और इंटरनेट मंगलवार रात बंद कर दिया था, जिसे देर रात बहाल कर दिया गया। 25 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। बता दें, जेएनयू के कुछ छात्र स्टूडेंट्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग करने वाले थे। प्रशासन ने छात्रों से डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग न करने की अपील की थी, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। जेएनयू प्रशासन ने छात्रों से कहा था कि इस तरह की एक्टिविटीज यूनिवर्सिटी में शांति और सद्भाव को भंग कर सकती है। छात्र नहीं माने और मंगलवार रात नौ बजे डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग करने की योजना बनाई थी। यूनियन अध्यक्ष आइशी घोष ने छात्रों के मोबाइल फोन पर डॉक्यूमेंट्री डाउनलोड करने के लिए क्यू कोड शेयर किया था। इसी पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई जा रही थी।



### सच्चाई हमेशा सामने आती है : राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने मंगलवार को डॉक्यूमेंट्री बैन करने को गलत बताया था। राहुल ने कहा कि अगर आपने हमारे शास्त्रों को पढ़ा है, या आपने भगवत गीता या उपनिषदों को पढ़ा है तो आप देख सकते हैं कि सच्चाई हमेशा सामने आती है। आप उसे कैद नहीं कर सकते हैं। आप मीडिया को दबा सकते हैं। आप संस्थानों को कंट्रोल कर सकते हैं, आप सीबीाइ, ईडी और सभी चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन सच तो सच होता है।

## राम रहीम की सजा माफ करने पर बिफरे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, बोले

# दुष्कर्मियों-यौन उत्पीड़न करने वालों पर क्यों मेहरबान है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सरकार** ने डेरा मुखी राम रहीम की 90 दिनों की सजा को माफ कर दिया है। सरकार ने गणतंत्र दिवस पर फैसला किया है कि 10 साल से अधिक के सजायाफ्ता कैदियों को तीन महीने की छूट दी जाएगी। सरकार के इस फैसले का फायदा डेरा मुखी को होगा। अभी राम रहीम पैरोल पर बाहर है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य में आपराधिक अधिकार क्षेत्र के न्यायालयों द्वारा सुनाई गई सजा भुगत रहे कैदियों को तीन महीने की विशेष छूट दी जाएगी, जिन अपराधियों को आजीवन कारावास, 10 वर्ष या उससे अधिक की अवधि की सजा सुनाई गई है, उन्हें 90 दिन और जिन अपराधियों को पांच वर्ष से ऊपर व 10 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई है, उन्हें 60 दिन की छूट प्रदान की जाएगी। पांच वर्ष से कम की सजा वाले कैदियों को 30 दिन की छूट प्रदान की जाएगी। हरियाणा के ऊर्जा एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी, 2023 को कारागार से पैरोल और फरलो पर आए सभी अपराधियों को यह छूट दी जाएगी। सरकार ने शर्त रखी है कि कैदी अपने निर्धारित समय पर संबंधित कारागार में आत्म समर्पण करते हैं, उसी स्थिति में कारावास के बचे हुए समय में यह छूट मिलेगी।

उधर, डेरा मुखी की सजा माफ किए जाने पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने विरोध जताया है। उदयभान ने कहा कि सरकार दुष्कर्मियों-यौन उत्पीड़न करने वालों पर इतनी मेहरबान क्यों है। क्या उनका चरित्र इस बात की गवाही देता है कि वोट के खातिर वे चाहे जो फैसले लें। खेल मंत्री संदीप सिंह के लिए सीएम कहते हैं कि आरोप लगाने से कोई आरोपी नहीं हो जाता।



### सरकार ने राम रहीम की 90 दिनों की सजा माफ की

## 14 अफसरों को मिलेगा पुलिस पदक

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस के 14 अधिकारियों व कर्मियों को विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया जाएगा। 14 पदकों में से एक पुलिस अधिकारी को विशिष्ट सेवाओं के लिए आइपीएस अमिताभ ढिल्लो को राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 13 अन्य को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## लखनऊ में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी, सास-बहू की मौत

**एजेंसी।** लखनऊ

**मंगलवार** शाम पांच मंजिला बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। इसके मलबे में 15 से ज्यादा लोग दब गए थे। स्थिति यह थी कि मलबे में दबे लोगों ने खुद फोन करके अपने परिवार को बताया कि वे जिंदा है, उन्हें बचा लो।
19 घंटे से जारी रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 14 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलबे में दबी दो महिलाओं की मौत हो गई। वे सास-बहू थीं। मरने वाली महिलाएं पूर्व कांग्रेस नेता जीशान हैदर की मां और भाई की पत्नी थी। अलाया अपार्टमेंट के बेसमेंट में मंगलवार को खुदाई चल रही थी, तभी यह इमारत ढह गई।





एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, क्षेत्र में पहली बार, नवीनतम तकनीकि वाले सर्जिकल रोबोट के साथ सर्जरी में एक नए दौर की शुरुआत करता हैं।

एडवांस्ड 3D रोबोटिक सर्जरी द्वारा कैंसर की संपूर्ण उपचारात्मक सर्जरी और दुर्गम क्षेत्रों में भी पूर्ण रिकन्स्ट्रक्शन संभव है। बेहतर 3D विजुअलाइजेशन के सहयोग से, हमारे योग्य व प्रशिक्षित रोबोटिक सर्जन कई अन्य जटिल प्रक्रियाओं जैसे कि ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, थोरैसिक सर्जरी और सामान्य लैप्रोस्कोपिक सर्जरी - गॉल ब्लैडर स्टोन्स, हर्निया, एपेंडिसाइटिस आदि में सामान्य सर्जरी की तुलना में कहीं बेहतर परिणाम प्रदान करते हैं। एशियन हेल्थकेयर द्वारा यह एक और 'क्षेत्र में पहली' उपलब्धि है।

रोबोटिक सर्जरी के लाभ
- न्यूनतम चीर फाड़
- सटीक 3D विज़ुअलिज़ेशन
- शीघ्र स्वास्थ्य लाभ
- कम दर्द
- कम रक्त स्त्राव
- संक्रमण की कम संभावना

सामान्य प्रक्रियाएँ
- गुर्दा और प्रोस्टेट कैंसर
- गर्भाशय और गाइनी कैंसर सर्जरी
- गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल कैंसर
- अग्नाशय का कैंसर
- वजन घटाने की सर्जरी
- गुर्दा प्रत्यारोपण

नई दिल्ली ▪ फरीदाबाद ▪ नोएडा ▪ मुरादाबाद ▪ धनबाद ▪ पटना ▪ पलवल

एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बढ़कल फ्लाईओवर रोड, सेक्टर-21ए, फरीदाबाद, दिल्ली एनसीआर | +91 129 425 3344 | www.aimsindia.com

इमरजेंसी 1067

K.C.Prashant Path Lab

# के:सी. प्रशांत पैथ लैब



अंतर्राष्ट्रीय NABL : ICMR द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित लैब

- ★ 3000 से भी अधिक हेल्थ टेस्टों की सुविधा
- ★ एक मात्र लैब जिसमें HBV DNA, HCV RNA, TB PCR, HLA-B27, CORONA RTPCR की सुविधा
- ★ सभी प्रकार के हारमोंस जैसे Thyroid, AMH, LH, FSH, Prolactin, Beta HCG, PSA Testosterone, Estrogen, Progesterone, CA125 की रिपोर्ट मात्र 2-4 घंटे में उपलब्ध
- ★ Iron Study के सभी टेस्ट जैसे Iron, TIBC, UIBC, Vitamin B12, Vitamin D Folic Acid की रिपोर्ट मात्र 2-4 घंटे में उपलब्ध
- ★ शरीर की गांठों की FNAC जांच सीनियर पैथोलोजिस्ट के द्वारा
- ★ थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों की जांच
- ★ शरीर की किसी भी प्रकार की एलर्जी की जांच
- ★ विश्व प्रसिद्ध BD Sure Path Machine के द्वारा Fluid Cancer की जांच

Home Collection Contact 9813389010

APNA BLOOD BANK

# अपना ब्लड बैंक

- सभी प्रकार के रक्त कणों को DELHI NCR में उपलब्ध करवाने वाला एक मात्र ब्लड बैंक है।
- एक मात्र अंतराष्ट्रीय मशीनों से सुसज्जित ब्लड बैंक अब पलवल में।
- ब्लड और प्लेटलेट्स की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

Add.:- New Sohna Rd, opp. Civil Hospital Palwal, Haryana 121102
www.kcprashantpathlab.in www.apnabloodbank.in
Pls Review us:- www.facebook.com/kcprashantpathlab/
www.facebook.com/apnabloodbankpalwal/

# Maharishi Dayanand Educational Society

For Completing the Golden 50 years & for Entering the 53rd year of the institutes
thank you all for your support.



Mahatma Late Shri K.L. Mehta
Founder President

Hearty greetings from
Maharishi Dayanand Educational Society
to all the countrymen
on the auspicious occasion of
74वे गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



Late Dr. Mrs. Vimal Mehta
Former President



फरीद बाबा की नगरी में, शिक्षा का अलख जगाया, ज्ञान का दीपक जलाकर, अनंत प्रकाश फैलाया।
हम प्राणी नगर की जनता के, मन से जिसने अपनाया, हर विद्यालय की ईट-ईट में आपका स्नेह समाया।

-: Our Educational Institutes :-

## K. L. Mehta Dayanand Women's College, NH-3

- K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Nehru Ground)
- K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Sector-7C)
- K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Jawahar Colony)
- K. L. Mehta Dayanand School (Sector-23)
- K. L. Mehta Dayanand School (3G)
- K. L. Mehta Dayanand School (2M / 25)
- K. L. Mehta Dayanand School (5K / 55-56)
- K. L. Mehta Dayanand School (Mujesar)
- K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Sector-16)
- K. L. Mehta Dayanand School (Sector-10)
- K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Press Colony)
- K. L. Mehta Dayanand School (Sector-17)
- K. L. Mehta Dayanand School (5E / 55)
- K. L. Mehta Dayanand School (2E / 27)
- K. L. Mehta Dayanand School (Sector-1E / 64)



Anand Mehta
President,
Maharishi Dayanand Educational Society

Mahatma Kanhaiya Lal's Tapobhumi and Faridabad's
First-ever Premier Educational Society
Maharishi Dayanand Educational Society
Arya Samaj Road, Nehru Ground,
N.I.T., Faridabad, (Haryana)
Phone No. 0129-2418254

Mrs. Saroj Gumber (General Secretary)
Dr. Anita Kant (Vice President)
Professor J.C. Arya (Treasurer)
Ramesh Chawla (Joint Secretary)

Excellence in Building Lives
10 YEARS
2013-14 to 2022-23

DELHI PUBLIC SCHOOL
GREATER FARIDABAD, SEC-81
(Under the aegis of The DPS Society)

DELHI PUBLIC SCHOOL
SURAJKUND
(Under the aegis of The DPS Society)
Junior Wing of DPS Greater Faridabad

## DPS Greater Faridabad & DPS Surajkund

wishes you all

HAPPY 74th REPUBLIC DAY

# ADMISSIONS OPEN

Discovering Self Anew

| DPS GREATER FARIDABAD (Sec-81) | DPS SURAJKUND |
|---|---|
| Pre-Nursery, Nursery, Prep, I – IX & XI | PRE-NURSERY to II |
| (Academic Year 2023-24) | (Academic Year 2023-24) |
| (0129) 2555 555 \| 9999462777, 9999426777 | (0129) 2555 650 \| 9549396396, 9549397397 |
| www.dpsgfaridabad.com | www.dpssurajkund.com |

Visit us for a close interaction with our vibrant students, our lively teachers and state-of-art facilities.



### ELIGIBILITY & PROCESS

- Minimum age of 2+ as on April 1, 2023 - Pre-Nursery.
- Minimum age of 3+ as on April 1, 2023 - Nursery.
- Minimum age of 4+ as on April 1, 2023 - Prep.
- For online registration, visit school website www.dpsgfaridabad.com / www.dpssurajkund.com
- For offline registration, collect Registration Form from school's Administration Office. (except Sunday and Gazetted Holiday)

DPS Greater Faridabad, Sector-81, Faridabad | (0129) 2555 555 | info@dpsgfaridabad.com | www.dpsgfaridabad.com


देश की एकता और अखंडता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
प्रवीन बत्रा जोशी
प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा
संदीप जोशी
पूर्व प्रदेश महामंत्री


सभी क्षेत्रवासियों को 74वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजन मुथरेजा
जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा फरीदाबाद
RajanMuthreja @rajanMuthreja rajanmuthreja


बल्लभगढ़ की हमारी देवतुल्य जनता को
भारतीय लोकतंत्र के उत्सव
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
व शुभकामनाएं
प्रियंका अग्रवाल
PCC डेलिगेट (बल्लभगढ़ विधानसभा)
प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस
मनोज अग्रवाल
बल्लभगढ़ विधानसभा
सोनू चौधरी
अनिता शर्मा
आकाश पंडित
प्रताप शर्मा
स्वर्ण सिंह आर्य
शुभम कसाना
आज़ाद सैनी
धर्मवती


आप सभी प्रदेशवासियों को
74 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
ललित नागर
पूर्व विधायक, तिगांव
विधानसभा क्षेत्र


श्री दुष्यंत चौटाला
उप मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY REPUBLIC DAY
चुनाव चिन्ह
चाबी
उमेश भाटी
प्रदेश प्रवक्ता (जजपा)
पूर्व प्रत्याशी तिगाँव विधानसभा
मो. : 9810208582


आप सभी को
74 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित सिंगला
नितिन सिंगला
लखन कुमार सिंगला
सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी
फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र-89


26 JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA
विकास राज्यों का
सुरक्षा प्रवासियों की
प्रवासी का
सम्मान प्रवासियों का
संगठन
प्रवासी वृक्ष
सत्यमेव जयते
आर पी सिंह
राष्ट्रीय महासचिव
संगठन एवं प्रभारी साउथ इंडिया
भारतीय प्रवासी परिषद
9445326328
डा. अजय तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
9310031870
जातपात का भेदभाव इंकार है प्रांतवाद का भेदभाव बेकार है। हम सब भारतवासी है
हमें भारत से प्यार है वासी प्रवासी की एकता यही हमारा विचार है।
भारतीय प्रवासी परिषद की ओर से गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज सिंह
अजय सिंह
नरेश चौधरी
संतोष कुशवाहा
अखिलेश त्रिपाठी(पप्पू)
अजय सिंह
उपेंद्र राय(बबलू जी)
जुल्फिकार अली
प्रवेश त्रिपाठी
विशाल राजभर
त्रिलोचन नारायण
प्रदीप त्रिपाठी
विवेक मिश्रा
बी के पांडेय
बजरंगी पाठक
रविन्द्र कुमार
प्रमोद तिवारी
दुर्गानंद झा
रमणीक प्रभाकर
डॉ उमेश मिश्रा
डॉ अखिलेश त्रिपाठी
गजेन्द्र तिवारी
असलम खान
इम्तियाज अहमद
डॉ सत्यम भास्कर
शैलेन्द्र तिवारी
पंकज सिंह
घनश्यामा चौबे
अजय लाल
संजीव कुशवाहा
अरविन्द विश्वकर्मा
दुर्गा प्रसाद
मो. मकसूद खान
रामेश्वर मिश्रा
अजय मित्तल
शिवा पाण्डेय(बंटी)
भारतीय प्रवासी जनता पार्टी
एक राज्य में 29 राज्य का व्यक्ति रहता है जिन व्यक्तियों/प्रवासियों की बदौलत भारत देश के प्रत्येक राज्य का विकास होता है और नेता- पार्षद, विधायक, सांसद एवं मंत्री बनते है और राज्य सरकार प्रवासियों की मेहनत और टैक्स से सरकार चलाती हैं। यदि मजदूर, मकैनिक,मैनेजर, इंजीनिअर,डॉक्टर, इंडस्ट्रलिस्ट आपके प्लॉट /फ्लैट के खरीददार *चाहिये, तो देना होगा सुरक्षा, सम्मान, समानाधिकार ,हर राज्य में प्रवासी कल्याण बोर्ड और राज्यों का विकास।
किसी भी प्रवासी व्यक्ति को समस्या हो तो हमारे टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क करे :- 9310031870
bharatiyapravasiparishad@gmail.com, www.bpponline.in
App :- BPP Through Google Play Store
सदस्य बनने के लिए Google Play Store से BPP App Download करें







## संक्षिप्त समाचार

### नेताजी सुभाषचंद बोस की याद में 45 युवाओं ने किया रक्तदान



**पलवल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नारा तुम मुझे खून दो-में तुम्हें आज़ादी दूंगा को साकार करते हुए उनकी जयंती के उपलक्ष्य में जल्हाका गांव की बड़ी चौपाल पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर किया। शिविर का आरंभ यशपाल रावत ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। गांव के 45 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। गांव की जागरूक 3 महिलाओं ने भी रक्तदान करते हुए अहम भूमिका निभाई। शिविर में नितिन कुमार ने सभी को रक्तदान करने की प्रेरणा दी। डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि 18 से 60 वर्ष का स्वस्थ व्यक्ति, जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हुमोग्लोबिन 12.5 डेसीग्राम हो वह स्वेच्छा से रक्तदान कर सकता है। शिविर के सफल आयोजन में धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, जसवीर सिंह, कुमरपाल अत्री, वीरेंदर सिंह, रवि गहलौत, अक्षय कुमार, रवि कुमार, संदीप कुमार अन्य गणमान्य ग्रामवासियों का योगदान रहा।

### सेंट कोलंबस विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**फरीदाबाद।** दयालबाग स्थित सेंट कोलंबस विद्यालय में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धर्म-संप्रदाय, जाति-पाति से ऊपर उठकर विद्यार्थियों को एकता के सूत्र में पिरोना था। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को रंग- बिरंगे फूलों एवं तिरंगे झंडों से सजाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला व सम्मानित अतिथि गजेंद्र सिंह (डायरेक्टर ऑफ आइना बिल्डर्स एंड रियल एस्टेट) रहें। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वी. एम. ने उपस्थित अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। अध्यक्ष व प्रधानाचार्या की अगुवाई में मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कबूतर उड़ाकर शांति, प्रेम व सद्भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जल, थल व वायु सेना की पोशाकों को धारण किए विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुआ। सभी सदनों के कप्तानों व उप कप्तानों ने तिरंगे झंडे को सलामी देकर शपथ ग्रहण की। समारोह के अंतर्गत भारतीय एकता एवं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने का प्रण लिया गया। तदुपरांत राष्ट्रगान की धुन के साथ विद्यालय का वातावरण देशभक्ति के रंगों में सराबोर हो गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक विश्व को शान्ति का संदेश देते सफ़ेद रंग के परिधानों में सुसज्जित हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे व विद्यार्थियों को साहस, सद्भावना, समृद्धि तथा निरंतर कर्म पथ पर आगे बढ़ते रहने को प्रेरित कर रहे थे। इस अवसर पर कैलाश बैंसला ने अध्यक्ष ऋषि चौधरी का धन्यवाद करते हुए शिक्षा का महत्त्व पर बल दिया।

### जीवा स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में प्रातः कालीन सभा के दौरान एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में बंसत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम बंसत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्या की देवी सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तदुपरांत गणतंत्र दिवस के महत्व को भी कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया गया। इस विशेष कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा एवं संयोजिकाओं ने परंपरागत ढंग से माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जीवा स्कूल की यह विशेषता है कि यहां प्रत्येक त्योहार पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। जिससे विद्यार्थी प्रत्येक अवसर में भाग ले सके। उसके विषय में जानकारी प्राप्त कर सके। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त कर ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। वास्तविक ज्ञान स्वयं को पहचानना और उसी के अनुसार अपना विकास करना चाहिए। देश के प्रति अपने कर्तव्य भी पूर्ण करने चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने कहा कि हमें देश के प्रति अपने कर्तव्य अवश्य पूर्ण करने चाहिए और सबका सम्मान भी करना चाहिए। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी सबको इस अवसर पर शुभ संदेश दिए।

### अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 25 जनवरी को राजनीति शास्त्र विभाग व लीगल लिट्रेसी सेल द्वारा 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के निर्देशन में मतदाता जागरूकता व मतदान एक अधिकार व कर्तव्य विषयों पर स्लोगन लेखन व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। एक लोकतांत्रिक देश की नींव वहां के नागरिकों को मिले मतदान के अधिकार पर निर्भर करती है। हालांकि देश में मतदान का रुझान कम है। वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 18 वर्ष की आयु के बाद हर आयु, वर्ग और लिंग के लोगों को मतदान का अधिकार है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया की पूरा देश 25 जनवरी 2023 इस साल अपना 13वां मतदाता दिवस मना रहा है। प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अश्मिता, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान कोमल, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान निशा भाटी, बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार अंजलि, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा को दिया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी, बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर निकिता , बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रहीं व तीसरे स्थान पर चंचल, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रहीं। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. शोभना गोयल, डॉ. पूजा सैनी और उदिता कुंडू ने निभायी। इस अवसर पर कमल टंडन, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. रामचन्दर डॉ. जगवीर सिंह, मोहित हुडा समेत सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने निष्पक्ष मतदान की शपथ ली।

### पहचान की अपील



आप सभी को सुचित किया जाता है कि मसम्मी रिजवान पुत्र सलीमखान निवासी मकान नं0 एच/116 एसी नगर एन.आई.टी. फरीदाबाद ने दिनांक 20.12.2022 को एक दरखास्त पेश कर बतलाया कि समय 07.30 ए.एम पर नामपता नामलूम व्यक्ति वा उम्र करीब 30 साल बाटा रेलवे पुल के नीचे किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा ऐक्सीडेन्ट होने पर लगी चोटो के कारण मृत्यु हो गई जिसकी लाश को शिनाख्त हेतू पोस्टमार्टम के लिये बी के अस्पताल फरीदाबाद मोर्चरी में रखवाया गया है। जिस सम्बन्ध में मुकदमा न0 862 दिनांक 20.12.2022 थाना सै0 8 फरीदाबाद। जिसका हुलिया इस प्रकार है- रंग गेहुआ, पतला चपटा चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद करीब 5 फुट 4 इंच वा उम्र 30 साल, बाल कालें। जो ऐक्सीडेन्ट शुदा व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका है। अगर किसी भी व्यक्ति को ऐक्सीडेन्ट शुदा व्यक्ति उपरोक्त के बारे में कोई जानकारी मिले तो नीचें लिखित नम्बरों पर सूचना दी जावें।

**एसएचओ सेक्टर 8 फरीदाबाद- 9582200134, एसआई अजीत सिंह- 9813399774**
**इंर्चाज पीपी सेक्टर-11- 9582200166, थाना सेक्टर 8 फरीदाबाद- 0129-2241784**

## राज्यों की आर्थिक उन्नति में योगदान देते हैं प्रवासी: डा. अजय



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर ही उल्लास-उमंग और सृजन का पर्व बसंत पंचमी भी है। डॉ. अजय तिवारी संस्था के जरिए दिल्ली-एनसीआर के देश के अन्य राज्यों में रह रहे प्रवासियों की सुरक्षा और उनके कल्याण के कार्य लगातार करते रहते हैं। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अन्य राज्यों के निवासियों के हित के लिए डॉ. तिवारी लगातार सरकारों से संपर्क कर उनके कल्याण की योजनाएं बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सभी नागरिकों का देश के सभी संसाधनों पर बराबरी का हक है। दूसरे राज्यों से आकर काम करने वाले मजदूर और कामगार मजबूर नहीं होते हैं बल्कि उस राज्य के आर्थिक उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं।

## अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के मास्टर्स प्रोग्राम में प्रवेश की घोषणा

**फरीदाबाद।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलूरु दो वर्षों के (एम. ए. एजुकेशन, एम.ए., डेवलपमेंट, एम.ए, इकॉनॉमिक्स) और एक साल के (ए.एल.एम., कानून और डेवलपमेंट) पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए नए और अनुभवी स्नातकों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में योगदान करने के इच्छुक सक्षम और प्रतिबद्ध पेशेवरों को विकसित करना है।




अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल शैक्षणिक वर्ष जुलाई 2023 से प्रासंगिक अनुमोदन के पश्चात कार्य प्रारंभ करने की पूरी तैयारी कर चुका है, और यह भी इसी तरह के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश करेगा। कैंपस के पहले चरण का निर्माण-कार्य पूरा हो चुका है। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में अध्ययन- स्नातकोत्तर कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में मूलभूत पाठ्य सामग्री शामिल हैं जो 100 से अधिक अंतर-अनुशासनात्मक/ थीम-आधारित ऐच्छिक विषयों के लिए आधार प्रदान करती है, जिसमें 'स्वतंत्र अध्ययन विकल्प के माध्यम से एक लचीले पाठ्यक्रम को डिज़ाइन करने का भरपूर अवसर है। विश्वविद्यालय में एकीकृत व्यवहारिक अभ्यास के तहत साप्ताहिक अभ्यासों, लंबी अवधि के दौरों, फील्ड अनुसंधान, इंटर्नशिप के अवसरों और स्वतंत्र फ़ील्ड परियोजनाओं के ज़रिए सीखना अपने आप में एक अनूठा अनुभव है। छात्रों को कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, अतिथि व्याख्यानों और परिसर में आयोजित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से सीखने के अवसर भी मिलते हैं। प्रवेश प्रक्रिया और तिथियां- छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का चयन एक लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों के लिए व्यक्तिगत तौर पर साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

प्रवेश प्रक्रिया - स्नाकोत्तर कार्यक्रम, बेंगलूरु 2023 प्रवेश प्रक्रिया तिथियाँ आवेदन की आखिरी तारीख़ 12 फरवरी, 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 12 मार्च, 2023, व्यक्तिगत साक्षात्कार अप्रैल-मई, 2023, प्रवेश प्रस्ताव मई, 2023।

वित्तीय सहायता- विश्वविद्यालय स्पष्ट रूप से एक समावेशी और विविधतापूर्ण छात्र निकाय के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय व्यापक आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति (पूर्ण और आंशिक) प्रदान करता है, जिसमें ट्यूशन शुल्क, आवास व्यय और भोजन शुल्क शामिल हैं।

करियर के अवसर और प्लेसमेंट- गैर-सरकारी संगठनों, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी विभागों, अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों सहित सामाजिक क्षेत्रों में कई चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक भूमिकाएं उपलब्ध हैं। अब तक 3000 से अधिक छात्रों ने स्नातक की डिग्रियां प्राप्त की हैं और उत्कृष्ट कैंपस प्लेसमेंट हासिल किया है। करीब 110 संगठन हर साल परिसर का दौरा करते हैं। एक समर्पित कैंपस प्लेसमेंट सेल इन करियर के अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराता है। हमारे कुछ स्नातक सामाजिक उद्यमिता के अवसरों का लाभ भी उठा रहे हैं।

## कॉलेज छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




नचौली महाविद्यालय की छात्राएं मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय, नचौली में 25 जनवरी को प्राचार्या, अध्यापकगण एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस अत्यंत श्रद्धा एवं स्नेह से मनाया। इस अवसर पर पोस्टर बनाने और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने नागरिकों के मताधिकार से अवगत कराया गया। उन्हें भारत की मत प्रक्रिया में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. दिनेश जून ने शपथ भी दिलाई। भारत के चुनाव आयोग की ओर से जारी क गीत मैं भारत हूं को भी महाविद्यालय प्रांगण में बजाया गया। प्राचार्या, डॉ. सुनिधि ने बताया कि आज ही के दिन 25 जनवरी 1950 को भारत के चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी। उन्होंने छात्राओं को प्रत्येक मत के मूल्य तथा देश की दिशा तथा तकदीर बदलने की हर मत की क्षमता के बारे में भी बताया।

शालिनी तुली, एसोसिएट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान, ने भी छात्राओं को सूझ-बूझ एवं बुद्धिमत्ता से अपने मत का प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में डॉ. सुशील वर्मा, ममता भारद्वाज, कांता देवी, सतीश, दीपक, सुमित और पवन शामिल रहे।

## वोटर आईडी कार्ड पाकर लोकतंत्र में सहभागी बने विद्यार्थी

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्थानीय जेसी बोस विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट अमित मान ने बुधवार को युवा मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड वितरित किए। उन्होंने युवा मतदाताओं समेत उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मतदाता सूची का शुद्धीकरण करना



युवती को मतदान पहचान पत्र सौंपते सिटी मजिस्ट्रेट मान व अन्य।

भी बहुत ही कठिन कार्य है । प्रदेश व जिला स्तर पर चुनाव आयोग अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में चुनाव आयोग द्वारा लांच किया गया गीत मैं भारत हूं भी चलाया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट अमित मान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाता है। लोकतंत्र का सबसे अहम स्तंभ मतदाता होता है। मतदाता के मतदान से देश-प्रदेश की सरकार चुनी जाती है। जो देश को चलाने के लिए नीतियां-योजनाएं बनाती हैं। अर्थात जब तक मतदाता जागरूक नहीं होगा सही प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में कुल 16,51,455 मतदाता हैं, जिनमें पुरुष 9,05,432 तथा स्त्री मतदाता 7,45,945 है। वाईएमसीए के रजिस्ट्रार सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करवाने के लिए आगे नहीं आते।

### यह शपथ दिलाई

**हम** भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म मूल वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन ने मनाया गणतंत्र दिवस

**फरीदाबाद।** पलवल स्थित शिक्षण संस्थान एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में बुधवार को गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल व चैयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने सभी को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुनील दलाल, प्रशासक, एईआई ने ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने वीर शहीदों की कुर्बानी व संविधान के इतिहास पर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और बेहतर बनाने हम सभी की भागीदारी है। कार्यक्रम में रुचिका कालरा, एचओडी, फार्मेसी द्वारा सभी को राष्ट्र के प्रति शपथ दिलाई। प्रो. डॉ. लक्ष्मी शर्मा, प्राचार्य, एआईई ने 26 जनवरी के महत्व को बताते हुए पूर्ण स्वराज के इतिहास को याद दिलाया। सभी को इसकी गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ आर आर पांडेय ने बच्चों को अनुशासन के साथ आजादी को जीने



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

और उसका सम्मान करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ अर्पणा राणा ने कहा कि हम देश के प्रति उच्च कर्तव्यों का पालन करके देश की सेवा करें। संस्था की रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा ने तिरंगा के रंगों के महत्व को जीवन में धारण करने को कहा। संस्थान के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से जुड़े नुक्कड़ नाटक, गीत, भाषण द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभागाध्यक्ष दीपिका ने 25 जनवरी मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख गणमान्य ,एड्मिशन हैड आशुतोष सिंह के साथ- साथ संस्थान के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## घोड़ी लूट में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** समन स्टाफ प्रभारी बिजेंद्र सिंह की टीम ने वर्ष 2018 में लूट के एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक भिवानी के मानहेरू गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ वर्ष 2018 में खेड़ीपुल थाने में लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने अपने दो अन्य साथी रोहित उर्फ विक्की तथा पूर्ण उर्फ पप्पी उर्फ कालू के साथ मिलकर खड्डा कॉलोनी के एक अस्तबल से चार घोड़ी लूटी थी। तीन नवंबर 2018 को आरोपी दीवार फांदकर अस्तबल में घुसे और तमंचे की नोक पर वहां पर काम करने वाले कर्मचारी के हाथ पैर बांधकर घोड़ी लेकर फरार हो गए थे। उसी दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में आरोपी दीपक और रोहित जमानत पर बाहर आ गए थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अमेरिका में गोलीबारी

## हथियारों पर नियंत्रण जरूरी

**अमेरिका** में लास एंजेल्स के मोंटेरी पार्क में नरसंहार से एक बार फिर देश में हथियारों पर नियंत्रण की जरूरत सामने आई है। लास एंजेल्स में इस गोलीबारी का कथित आरोपी 72 वर्षीय व्यक्ति मारा गया है, पर इस जघन्य नरसंहार ने एक बार देश में बंदूकों पर नियंत्रण मामले में बहस तेज कर दी है। हू कान ट्रान ने 10 लोगों को मार डाला और कम से कम 10 लोग घायल हुए। उसने मोंटेरी पार्क में चीनी चंद्र नव वर्ष की पार्टी मना रहे लोगों पर बंदूक चलाई। पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे एक वैन के निकट घेर लिया। पुलिस के घेरे में फंसने के बाद उसने शायद स्वयं को गोली मार ली। मोंटेरी पार्क में गोलीबारी अमेरिका के विभिन्न भागों में हुई अनेक घटनाओं जैसी है। पिछले साल मई में टेक्सास में एक बंदूकधारी ने प्राथमिक स्कूल में 21 लोगों को मार डाला था। अमेरिका संभवत: दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां अकारण ऐसी हिंसा नियमित रूप से होती रहती है। दुनिया के सबसे खतरनाक समझे जाने वाले अफगानिस्तान व सोमालिया आदि में भी ऐसी घटनायें नहीं होती हैं, जहां कोई 'पागल' व्यक्ति अकारण लोगों व अक्सर बच्चों की हत्या कर देता हो। जिहादियों व अन्य हिंसक समूहों ने बड़े पैमाने पर नरसंहार किए हैं, पर उनका कोई उद्देश्य होता है। लेकिन अमेरिका में हुए नरसंहार किसी तर्क से परे हैं, जहां अधिकांश हत्यारे मानसिक विकृति के शिकार रहे हैं। लेकिन मानसिक विकृति वाले लोग तो सभी देशों में होते हैं, फिर वे बड़े पैमाने पर बंदूकों का प्रयोग कर केवल अमेरिका में ही हत्यायें क्यों करते हैं? विडंबना है कि अमेरिका दुनिया का सर्वाधिक विकसित देश है जहां कानून



लागू करने वाली एजेंसियों के पास अपराध से लड़ने के लिए सर्वोत्तम हथियार तथा उत्कृष्टतम उपकरण हैं, इसके बावजूद ऐसे हत्याकांड होते हैं।

मुख्यत: इसका कारण यह है कि अमेरिका में दूसरे देशों की तुलना में हथियारों पर नियंत्रण के कानून काफी कमजोर हैं। अमेरिकी संविधान के 1791 में हुए दूसरे संशोधन के अनुसार, 'स्वतंत्र राज्य की सुरक्षा के लिए अच्छी तरह नियंत्रित मिलिशिया आवश्यक है, पर लोगों के हथियार रखने के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।' अमेरिकी कांग्रेस या संसद की वेबसाइट के अनुसार, अतीत में अधिकांश समय तक सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे संशोधन पर ज्यादा सवाल नहीं उठाए। उन्नीसवीं शताब्दी के कुछ मामलों में कहा गया था कि दूसरा संशोधन संघीय सरकार पर प्रतिबंध लगाता है, पर राज्यों और सरकारी कार्रवाई पर नहीं। बीसवीं शताब्दी में दूसरे संशोधन पर अदालत के एकमात्र महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार, संशोधन के अंतर्गत संरक्षित अधिकार का संबंध केवल राज्य मिलिशिया द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कुछ किस्म के आग्नेयास्त्रों से है। अमेरिका में बंदूकों के स्वामित्व पर प्रभावी नियंत्रण समस्याओं में घिरा है क्योंकि इस मामले में रूढ़िवादियों व उदारवादियों के बीच भारी मतभेद हैं जिनका प्रतिनिधित्व क्रमश: रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियां करती हैं। रिपब्लिकनों में ज्यादा कट्टरपंथियों के लिए दूसरा संशोधन 'परम पवित्र' है, इसलिए पार्टी इस पर कोई समझौता नहीं करना चाहती है। दूसरी ओर वामपंथियों से प्रभावित डेमोक्रेटों के एजेंडे में पुलिस पर खर्च घटाना तथा 'महत्वपूर्ण नस्ली सिद्धान्त' का प्रमुख स्थान है। ऐसे में समय की आवश्यकता है कि हथियारों पर नियंत्रण के मामले में दोनों पार्टियां एक मध्यमार्ग अपनायें। इस प्रयास के द्वारा ही यदि आदिम हथियार नियंत्रण कानूनों के कारण पैदा होने वाले खतरों को समाप्त नहीं तो कम अवश्य किया जा सकता है।

# संकटों में घिरे पाकिस्तान व चीन

भारत के दो पड़ोसी पाकिस्तान और चीन घरेलू समस्याओं में घिरे हैं। भारत से मुकाबले के पहले उनको इनका समाधान निकालना होगा।



**दीपक सिन्हा**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)




हालांकि, भारत में कुछ ही महीनों में 'चुनाव प्रचार का मौसम' शुरू हो जाएगा, पर इसके बावजूद हमारी सुरक्षा अवस्थापना अनेक कारणों से राहत की सांस ले रही है। इसके पीछे वजह यह है कि हमारे दो प्रमुख विरोधी पाकिस्तान और चीन अपने देशों में अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, इन परिस्थितियों को ज्यादातर उन्होंने ही जन्म दिया है, लेकिन इन अत्यन्त गंभीर समस्याओं के कारण उनके नेतृत्व को ज्यादातर घरेलू मसलों पर ध्यान देना पड़ रहा है। वैसे तो पाकिस्तान अपने जन्म के बाद से ही लगतार एक के बाद दूसरी समस्या का शिकार होता रहा है, पर इनकी गंभीरता कभी आज जैसी नहीं थी। पाकिस्तान जैसे देश के लिए यह समस्या उस समय की तुलना में कम गंभीर नहीं है जब केवल पांच दशक पहले वह दो देशों में बंट गया था। पिछले वर्षों में पाकिस्तान में आतंकवाद का बहुआयामी विकास हुआ है जिसे उसके ही शासक वर्ग ने पाला-पोसा है। इसके कारण भारत तथा अफगानिस्तान समेत अनेक देशों को आतंकवाद का शिकार बनना पड़ा है और अब आखिरकार इस आतंकवाद रूपी राक्षस ने अपने ही 'मालिक' पर निशाना लगा दिया है। पाकिस्तान को लगातार उसी तालिबान से दुश्मनी का सामना करना पड़ रहा है जिसे उसने ही जन्म दिया था। तालिबान अब स्वयं को केवल पश्चिमी सीमा तक सीमित नहीं रखना चाहते हैं। पाकिस्तान को तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी से अपने अस्तित्व पर भयानक खतरा महसूस हो रहा है जिसके तालिबान से नजदीकी संबंध हैं। यह खतरा पहले की तुलना में आज बहुत ज्यादा भयंकर हो गया है।

